भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 74

(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है)

**दस रुपये के नोटों और सिक्कों का परिचालन**

**74. श्रीमती माला राय:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में दस रुपये के कुल कितने नोट और दस रुपये के कुल कितने सिक्के परिचालन में हैं;

(ख) क्या बीस रुपये के नोटों की छपाई बंद कर दी गई है;और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क): भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, परिचालन में 10 रुपये के बैंक नोटों और सिक्कों की मात्रा और मूल्य निम्नानुसार हैं:

| | **मात्रा (लाख नगों में)** | **मूल्य (करोड़ ₹ में)** |
|---|---|---|
| ₹10 के बैंक नोट | 2,52,886 | 25,289 |
| ₹10 के सिक्के | 79,502 | 7,950 |

(ख): जी, नहीं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****